# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने अहमदाबाद में नवनिर्मित 'मिलियन माइंड्स टेक पार्क' और 'GREMI सिटी कैंपस' का उद्घाटन किया

## बीते एक दशक में भारत, वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार दे रहे AI और DeepTech जैसे क्षेत्रों में अग्रणी बनकर उभरा है

## मोदी सरकार रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, AI, ऑटोमेशन, साइबर सिक्योरिटी, डिफेंस और स्पेस-टेक जैसे क्षेत्रों को तीव्र गति से बढ़ावा दे रही है

## मोदी सरकार की Urban Planning Reforms से टाउन प्लानिंग के एक नए युग की शुरुआत हुई

## Tech Parks और Global Capability Centers के विकास से गुजरात सहित पूरे देश में सेवा क्षेत्र को सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है

## मोदी जी के proactive एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण तथा Vibrant Gujarat जैसे मंचों ने गुजरात के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान की है

## 'मिलियन माइंड्स टेक पार्क' में 9,000 प्रोफेशनल्स के लिए अत्याधुनिक वातावरण उपलब्ध है, अगले पाँच वर्षों में यहाँ 63,000 से अधिक हाई-वैल्यू जॉब्स का सृजन होगा

## GREMI की शुरुआत रियल एस्टेट क्षेत्र में आधुनिक सोच और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देते हुए भविष्य की Town Planning को नई गति प्रदान करेगी

प्रविष्टि तिथि: 17 MAY 2026 4:43PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद, गुजरात में नवनिर्मित 'मिलियन माइंड्स टेक पार्क' और 'GREMI सिटी कैंपस' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल और उप-मुख्यमंत्री श्री हर्ष संघवी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के भविष्य के लिए जो सपना देखा है, उसे पूरा करने की दिशा में हम आज एक बड़ा मील का पत्थर हासिल करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी का विजन है कि टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, ज्ञान, उद्यमिता और उच्च कौशल आधारित इंडस्ट्री भी गुजरात में आए। इनके आधार पर ही गुजरात, जो वर्षों से आजादी के समय से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है, न्यू एज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी देश का नेतृत्व करे। श्री शाह ने कहा कि पूरा देश और पूरी दुनिया जानती है कि गुजरात ने जिस क्षेत्र में मजबूती के साथ कदम रखा, वहां टॉप थ्री में पहुंचने में देर नहीं लगाता। उन्होंने भरोसा जताया कि हम इस क्षेत्र में भी इतिहास दोहराएंगे।

श्री अमित शाह ने कहा कि गुजरात ने आजादी के समय से ही देश के औद्योगिक विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है और यह हमारा ट्रैक रिकॉर्ड है। परंतु मोदी जी के गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने इसे एक स्ट्रक्चर्ड स्वरूप देने का हमेशा प्रयास किया। औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचनाएं, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, उद्यमिता आधारित डेवलपमेंट में गुजरात की एक वैश्विक पहचान बनाने में 2002 से अब तक की यात्रा बहुत सफल रही है।



गृह मंत्री ने कहा कि कई राज्य ऐसे हैं जो औद्योगिक रूप से बहुत आगे बढ़े हैं। उनके मुख्यमंत्रियों और उद्योगजगत के साथ विस्तृत चर्चा होती है। लेकिन विश्वास से कह सकता हूं कि इंडस्ट्री का इतना स्ट्रक्चर्ड डेवलपमेंट गुजरात के अलावा कहीं नहीं देखा। उन्होंने कहा कि इसका मूल कारण है कि गुजराती लोग परंपरा से उद्यमिता और साहस का गुण लेकर आगे बढ़े हैं और मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने इसके अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में बड़ी मदद की है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर से उनका आशय केवल भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर से नहीं है, बल्कि नीतियों के निर्माण, अनुकूल पर्यावरण, फाइनेंस की व्यवस्था, सरकार के प्रोएक्टिव अप्रोच और वाइब्रेंट गुजरात जैसे मंच से भी है और पूरी दुनिया इसे स्वीकार करती है।

श्री अमित शाह ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल, पोर्ट्स, लॉजिस्टिक्स, ग्रीन एनर्जी, इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर और इन्वेस्टमेंट जैसे क्षेत्रों में हमने बहुत अच्छा काम किया है। मगर अब बारी है गुजरात को सर्विस सेक्टर में भी टॉप थ्री में ले जाने की। सर्विस सेक्टर में टॉप थ्री में आने के लिए और अहमदाबाद को बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, गुरुग्राम के समकक्ष स्थापित करने के लिए ऐसे टेक पार्क बहुत जरूरी हैं।




केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने विगत दो-तीन वर्षों से टेक पार्क्स और ग्लोबल कैपबिलटी सेंटर पर बड़ा बल दिया है। हमारी सारी आर्थिक गतिविधियों का ट्रांसफॉर्मेशन हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज ‘मिलियन माइंड्स टेक पार्क’ का उद्घाटन किया गया है। लगभग 1100 करोड़ रुपये की लागत से 13 लाख 50 हजार वर्ग फुट क्षेत्र में विकसित इस पार्क की स्थापना के पहले चरण में ही 9000 हाई स्किल प्रोफेशनल्स के काम करने के लिए सुविधापूर्ण वातावरण उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि सात चरणों में लगभग 15000 करोड़ रुपये की लागत से पांच वर्ष में 63000 से ज्यादा हाई वैल्यू जॉब्स का निर्माण होगा। यह 65 एकड़ भूमि गुजरात में हाई स्किल जॉब्स को बढ़ावा देने में बहुत बड़ा योगदान देगी। इस परिसर में 50% कमर्शियल स्पेस रखा गया है। इसके साथ मॉल, होटल और रेजिडेंशियल स्पेस भी हैं, जो एक सम्पूर्ण टेक पार्क की प्लानिंग दर्शाते हैं।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज गणेश रियल एस्टेट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (GREMI) कैंपस का भी शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट पूरे भारत के लिए बहुत जरूरी शुरुआत है। रियल एस्टेट क्षेत्र में समग्रता से कभी सोचा नहीं गया। पर्यावरण, प्लानिंग, टाउन प्लानिंग आदि ढेर सारे मुद्दे इससे जुड़े हैं। जब टाउन प्लानिंग ठीक नहीं होता तो अच्छे शहर नहीं बनते। मोदी सरकार की Urban Planning Reforms से टाउन प्लानिंग के एक नए युग की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि 30000 स्क्वायर फीट के इस कैंपस में पहले बैच में 300 बच्चे पढ़ाई करेंगे। मुख्य कैंपस थॉल लेक के समीप 100 एकड़ भूमि पर लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। उन्होंने कहा कि यह संस्थान न केवल गुजरात बल्कि पूरे देश के रियल एस्टेट क्षेत्र में आधुनिक सोच और कुशल नेतृत्व प्रदान करेगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि एआई और डीप टेक भविष्य की अर्थव्यवस्था हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शितापूर्ण नेतृत्व में भारत विश्व के इमर्जिंग सेक्टर्स में फाउंडर बन रहा है। रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, एआई, ऑटोमेशन सिस्टम, साइबर सिक्योरिटी, डिफेंस और स्पेस टेक जैसे क्षेत्रों के लिए हाई-टेक यूथ को स्पेस, एटमॉस्फियर और अनुकूलता प्रदान करनी होगी। ये दोनों इनिशिएटिव गुजरात को कई कदम आगे ले जाने में बहुत बड़ा योगदान करेंगे।

***

**RK/PR/SKS**

(रिलीज़ आईडी: 2262004) आगंतुक पटल : 672
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Assamese , Punjabi , Gujarati , Tamil , Kannada